Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for free bore-well in drought affected areas of Bundelkhand region- Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा): अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के सूखा-अकाल पीड़ित बुंदेलखंड क्षेत्र के चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, जालौन, इलाहाबाद, वाराणसी तथा मिर्जापुर जिलों के दक्षिणी भाग एवं सोनभद्र जिले में जमीन कंकरीली, पथरीली और ऊंची-नीची होने के कारण राजकीय नलकूप सफल नहीं है और लगाये नहीं जाते हैं। इसीलिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार किसानों को सिंचाई की सुविधा देने के लिए लघु सिंचाई विभाग की हैवीरिग मशीन द्वारा फ्री बोर करने की योजना चला रही है, और उसके अन्तर्गत किसान को लागत पर एक लाख रूपयों का अनुदान अनुमण्य है। यह योजना किसानों को थोड़ी राहत पहुंचाती है और लोकप्रिय है। परंतु धन की कमी के कारण अधिकांश किसान उस योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। भारत सरकार को उस योजना पर अपनी स्वीकृति देकर धन की व्यवस्था करनी चाहिए।

जल संसाधन मंत्रालय के अधीन ऐसी कोई योजना नहीं है। भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय अथवा ग्रामीण विकास मंत्रालय को ऐसी नयी योजना बनाने की आवश्यकता है। सूखा अकाल पीड़ित किसानों की सहायता हेतु नलकूप खनन कार्य में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध/अनुमण्य कराने की महती आवश्यकता है।